हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 8 मार्च 2026












### महिलाओं ने अदम्य ऊर्जा और प्रेरणा का प्रतीक बनकर इतिहास रचा

# एक ने 65 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया तो दूसरी ने जीता स्वर्ण

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम की दो महिलाओं की उपलब्धियां पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गई हैं। एक ओर खेल शिक्षिका बख्तावर खान ने अपने समर्पण और मार्गदर्शन से अब तक 65 बालिकाओं को वॉलीबॉल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचाया है, वहीं जिला महिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने चंडीगढ़ में 63 किलो कैटेगरी में 93 किलो वजन उठाकर इतिहास रच दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कहते हैं कि सच्ची लगन और समर्पण से हर सपना साकार किया जा सकता है। नर्मदापुरम की एक समर्पित खेल शिक्षिका ने इसी विश्वास को सच कर दिखाया है। वर्ष 2012 में गर्ल्स स्कूल में पदस्थ होने के बाद से उन्होंने अपनी मेहनत और मार्गदर्शन से अब तक 65 बालिकाओं को वॉलीबॉल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचाया है। जिसमें सभी वर्ग की बालिकाएं शामिल हैं। इनमें से अधिकांश छात्राएं बेहद गरीब परिवारों से आती हैं। कई के माता-पिता मेहनत-मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते हैं, तो कुछ परिवार सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के बावजूद इन बेटियों ने खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर अपने स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। स्पोर्ट्स शिक्षिका बख्तावर खान जो गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल में पदस्थ हैं, बचपन से ही वॉलीबॉल के प्रति विशेष लगाव रखती थीं। उन्होंने अपने इसी जुनून को अपनी छात्राओं तक पहुंचाया और उन्हें खेल के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनके परिवार में पति और दो बेटियां हैं, और गर्व की बात यह है कि उनकी दोनों बेटियां भी वॉलीबॉल में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुकी हैं।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बख्तावर खान का कहना है कि लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उनके अनुसार खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और साहस भी सिखाता है। वे मानती हैं कि खेल के जरिए लड़कियों को एक नई पहचान और मजबूत आत्मविश्वास मिलता है, जिससे वे जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकती हैं। उनका संदेश है कि बदलते समय के साथ समाज को भी आगे बढ़ना होगा और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

### सुरीला नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल का सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्तियों को समर्पित रहा। नेहरू पार्क में महिला दिवस की थीम पर मातृशक्तियों ने नए पुराने फिल्मी व देशभक्ति गीत जाकर कार्यक्रम की शाम सुरीली कर दी। कार्यक्रम सुरीला नर्मदापुरम परिवार की मातृशक्तियां ने आयोजित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों को सुरीला सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मातृशक्तियों को सम्मान पत्र देकर और पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां मौजूद रही। सुरीला नर्मदापुरम परिवार की ओर से पूर्व नपाध्यक्ष और नर्मदापुर युवा मंडल के अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, हरिशंकर शर्मा, दीपक हेमनानी, दीपक महालहा मौजूद थे।

### उमा पटेल ने नेशनल वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के ठीक पहले जिला महिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने अपनी अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प से राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की छवि को नया आयाम दिया। चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस वेटलिफ्टिंग एंड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 में 63 किलो कैटेगरी में 93 किलो वजन उठाकर उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उमा पटेल का यह प्रदर्शन न केवल मध्यप्रदेश की टीम के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह हर महिला खिलाड़ी को यह संदेश देता है कि समर्पण और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उमा पटेल ने यह साबित किया कि महिला शक्ति किसी भी चुनौती को पार कर सकती है। 63 किग्रा वर्ग में 93 किलो वजन उठाकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की असाधारण शक्ति और प्रेरणा का प्रतीक बनकर इतिहास रचा। चंडीगढ़ में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस वेटलिफ्टिंग एंड पावर लिफ्टिंग टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 5 से 10 मार्च तक किया जा रहा है। इसी मुकाबले में पंजाब की अनीता ने दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वर और महाराष्ट्र की सोनाली ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

### ग्वालटोली क्षेत्र में हुई घटना

## होटल में खाना परोसते समय व्यक्ति की मौत, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्वालटोली रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में गुरुवार रात एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उन्हें साइलेंट हार्ट अटैक आया था। पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो शनिवार सुबह सामने आया। मृतक की पहचान 60 वर्षीय अशोक नवलानी, निवासी सिंधी कॉलोनी गोकुलपुरी के रूप में हुई है। वे अपने भाई पप्पन नवलानी के साथ मिलकर चाचा-भतीजा नाम से होटल चलाते थे। घटना के समय अशोक होटल में ग्राहकों को खाना परोस रहे थे। एक ग्राहक की थाली में सब्जी रखते समय वे अचानक जमीन पर गिर पड़े। पहले तो आसपास मौजूद लोगों को समझ नहीं आया कि क्या हुआ, लेकिन कुछ ही पल बाद होटल के कर्मचारी और उनके भाई पप्पन नवलानी उन्हें उठाने के लिए दौड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें सीपीआर देने की कोशिश की और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पप्पन नवलानी ने बताया कि वे उस समय किचन में सब्जी बना रहे थे, जबकि उनके बड़े भाई ग्राहकों को टेबल पर खाना परोस रहे थे। एक थाली में सब्जी रखने के बाद जैसे ही वे दूसरी सब्जी रखने लगे, अचानक नीचे गिर पड़े। उन्होंने तुरंत सीपीआर दिया, लेकिन तब तक वे अचेत हो चुके थे। परिवार के अनुसार अशोक नवलानी छह भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। पिछले कुछ सालों में गर्मियों के दौरान उन्हें दो-तीन बार घबराहट और लो बीपी की समस्या हुई थी, लेकिन उन्हें पहले कोई गंभीर हृदय रोग नहीं था।

### पीएम राहत सड़क दुर्घटना संबंधी अंतर्विभागीय बैठक कल

**नर्मदापुरम।** सीएमएचओ डॉ नरसिंह गहलोत ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क राहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों के अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित उपचार के लिए, सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से हुई आघात या बहु आघात वाले लोगों के उपचार के लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक 9 मार्च सोमवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र सीएमएचओ कार्यालय में रखी गई है जिसमें स्टेट रोल आउट मैनेजर एनआईसी मप्र गौतम डे द्वारा पुलिस अधिकारियों, चिकित्सकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## छूट को लेकर भ्रम दूर अंतिम तारीख 31 मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी ने पिछले कुछ दिनों से संपत्ति कर में मिल रही छूट को लेकर नागरिकों के बीच फैले भ्रम को स्पष्ट किया है। प्रशासन ने साफ किया है कि 50 प्रतिशत की विशेष छूट केवल विशिष्ट शर्तों के अधीन है और यह अवसर केवल 31 मार्च 2026 तक ही उपलब्ध है।

### छूट के नियम और शर्तें

**स्वयं का निवासः** यह 50 प्रतिशत की छूट केवल उन भवनों पर लागू होती है जहां भवन स्वामी स्वयं निवास कर रहा है।

**किराये के भवन :** यदि भवन किराये पर दिया गया है, तो उस पर यह छूट लागू नहीं होगी।

बकाया वर्षों पर अवसर : वर्तमान में नगर पालिका स्वयं के निवास वाले भवनों पर पिछले कई वर्षों के बकाया कर पर भी 50 प्रतिशत छूट दे रही है, लेकिन यह सुविधा 31 मार्च 2026 के बाद समाप्त हो जाएगी।

देरी करने पर बढ़ेगा आर्थिक बोझनगर पालिका ने गणित समझाते हुए बताया कि यदि किसी स्वयं निवासित भवन का 10 वर्षों का बकाया कर वर्तमान छूट के साथ 20,000 रुपये है, तो 31 मार्च के बाद यही राशि बढ़कर 38,000 रुपये हो जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष से पुराने बकाया वर्षों पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ नहीं मिल सकेगा और केवल चालू वर्ष पर ही छूट लागू होगी।

नगर पालिका ने सभी करदाताओं से अनुरोध किया है कि अप्रिय स्थिति और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचने के लिए 31 मार्च से पूर्व अपने बकाया कर का भुगतान सुनिश्चित करें।

## 13 निजी और 9 सरकारी अस्पताल में राहवीर योजना का लाभ मिलेगा

### राहवीर बनने वालों को भी 25 हजार का इनाम मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सड़क के दौरान गंभीर रूप से घायल होने वाले मरीजों के लिए पुलिस विभाग ने जिले के 13 निजी अस्पतालों व 9 शासकीय अस्पतालों को राहवीर योजना के तहत चिंहित किया है। इन अस्पताल में घायलों को डेढ़ लाख तक का निशुल्कः उपचार दिया जाएगा। निजी के साथ ही जिला अस्पताल, सहित सिविल अस्पताल, सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी यह योजना लागू होगी।

साथ ही राहवीर बनने वालों को भी 25 हजार की राशि दी जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने तथा घायलों को त्वरित और संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कैशलेस उपचार पायलट योजना शुरू की गई है। दुर्घटना के बाद का गोल्डन आवर जीवन रक्षक होता है। इस महत्वपूर्ण समय में बिना किसी आर्थिक बाधा के तत्काल उपचार सुनिश्चित करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

### योजना के लिए कौन होगा पात्र

भारत में किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से हुई दुर्घटना के वे सभी पीड़ित, जिन्हें आघात (ट्रामा) या बहु-आघात (मल्टी ट्रामा) उपचार की आवश्यकता है, इस योजना के अंतर्गत कैशलेस उपचार के पात्र हैं। अधिकतम सात दिन तक अस्पताल में भर्ती उपचार या अधिकतम डेढ़ लाख तक का कैशलेस उपचार जो भी लागू हो का लाभ दिया जाएगा।

### सड़क हादसों को रोकने का प्रयास तेज

पुलिस ने निशुल्कः उपचार के साथ ही सड़क हादसों को कम करने का भी प्रयास किया है। यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि 2021 में जिले में 12 ब्लेक स्पाट थे जिन्हें 2022 में कम करके सात, 2023 में चार और 2025 में एक किया गया। साथ ही हादसों की समयवार समीक्षा की। जिस समय और जिस स्थान पर हादसे ज्यादा हुए वहां पेट्रोलिंग व वाहन चैकिंग की गई। वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए स्टापर और स्पीड ब्रेकर के इंतजाम किए गए। यही कारण है कि हादसों में कमी भी आई है।

### इन निजी अस्पतालों में लागू होगी योजना

जिले में अग्रवाल नर्सिंग होम, अर्मत हार्ट केयर,आशीर्वाद हॉस्पिटल, अशोका लंग्स एंड क्रिटीकल केयर सेंटर, बैस हॉस्पिटल,भोपाल केयर हॉस्पिटल,दयाल हॉस्पिटल,ग्लोबल अनंता,मीणा फ्रेक्चर हॉस्पिटल,नर्मदा अस्पताल,न्यू पांडे हॉस्पिटल, संजीवनी अस्पताल के साथ डिस्ट्रिक हॉस्पिटल,इटारसी गर्वमेंट हॉस्पिटल सीएचसी सोहागपुर,सीएचसी सिवनी मालवा,सीएचसी पचमढ़ी,सीएचसी बनखेड़ी, सीएचसी बाबई आदि शामिल है।

### इनका कहना है



जिले में 13 फरवरी से कैशलेश उपचार योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत नर्मदापुरम के 22 अस्पताल चिन्हित किए है। जिसमें 13 निजी और 9 शासकीय अस्पताल है।

**साई कृष्ण एस थोटा,** एसपी, नर्मदापुरम

## नरवाई प्रबंधन पाठशालाएं लगेंगी किसानों को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार पिपरिया में नरवाई प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गेहूं फसल की कटाई के बाद जलाए जाने वाली नरवाई पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन गश्ती दल का गठन किया जाएगा। यह दल गांवों में निगरानी करते हुए नरवाई जलाने की घटनाओं पर आवश्यक कार्यवाही करेगा। साथ ही आगामी 10 दिनों के भीतर नरवाई प्रबंधन पाठशालाओं का आयोजन कर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों को जागरूक करने के लिए गांवों में दीवार लेखन कराया जाए तथा वाहनों के माध्यम से मुनादी कर जानकारी दी जाए। ग्राम पंचायतों में नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों के लिए कस्टम हायरिंग केंद्रों की सूची चस्पा की जाएगी तथा हार्वेस्टर संचालकों की सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि का चयन कर भूसा संग्रह किया जाएगा और इसे गौशालाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही ग्रामवार अनुपयोगी भूमि का चयन कर अस्थायी भूसा संग्रह केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। बैठक के दौरान तहसीलदार पिपरिया एवं बनखेड़ी, जनपद पंचायत सीईओ पिपरिया एवं बनखेड़ी, सीएमओ पिपरिया एवं बनखेड़ी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पिपरिया एवं बनखेड़ी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं कोटवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में नरवाई प्रबंधन पर समीक्षा बैठक



एसडीएम कार्यालय नर्मदापुरम में नरवाई प्रबंधन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम जय सोलंकी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नर्मदापुरम अनुभाग के समस्त तहसीलदार, कृषि विभाग से एसडीओ. एवं आरएईओ, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), एडीओ, पीसीओ सहित कृषि विभाग एवं जनपद पंचायत के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए तथा फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने ग्राम स्तर पर प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### शेख फारूक की कांग्रेस में घर वापसी, निष्कासन रद्द

**इटारसी।** शहर के राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हलचल तेज हो गई जब जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने एक कार्यकर्ता का निष्कासन समाप्त कर उन्हें वापस पार्टी में जगह दी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने शेख फारूक का निष्कासन आधिकारिक रूप से समाप्त करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी की मुख्य धारा से जोड़ दिया है। गौरतलब है कि महज कुछ ही दिन पूर्व शेख फारूक पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का आरोप लगा था। इन आरोपों के आधार पर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। हालांकि, डेढ़ से दो माह के भीतर ही पार्टी नेतृत्व ने अपने फैसले पर पुनर्विचार किया और उनका निष्कासन निरस्त कर दिया। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में स्थानीय नेतृत्व की मौजूदगी रही।

### स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में अनियमितता की आशंका सांसद ने जांच के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** सिवनी मालवा अंतर्गत डोलरिया में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कुछ अनियमितताएं एवं संभावित गड़बड़ियां सामने आने पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को इसकी त्वरित जांच के निर्देश दिए। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि सरकार की मंशा विकास कार्यो को 100 प्रतिशत ईमानदारी और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने की है। निर्माण कार्य ऐसा होना चाहिए जो मजबूत, टिकाऊ और आने वाले वर्षों तक आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रेमशंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन, योगेंद्र राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नर्मदापुरम में आयोजित होगा युवा संगम रोजगार व स्वरोजगार मेला

# करियर को नई उड़ान देने का मौका मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला, जहां सरकारी विभाग और प्रमुख कंपनियां सीधे युवाओं से मिलेंगी और देंगे रोजगार और स्वरोजगार के सुनहरे अवसर। यह है आपके करियर को नई उड़ान देने का मौका, जिसे कोई भी युवा हाथ से नहीं जाने देगा। इसकी तैयारी में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय जुटा हुआ है।

यह मेला 13 मार्च 2026,को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नर्मदापुरम में प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### मेले का उद्देश्य

इस मेले का मुख्य लक्ष्य युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करना है। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और कंपनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां युवा योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते हैं। पंजीकरण रोजगार के इच्छुक युवक और युवतियां ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

**सहभागी कंपनियां:** ट्राइडेंट (बुदनी), वर्धमान बुधनी, जेड प्लस एकेडमी, यशस्वी ऐकेडमी (भोपाल), पुखराज, एलआईसी, एमआईसी, पुष्कल ऐग्रीटेक, रिया इंटरप्राइजेस, आईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस निप्पन इंश्योरेंस, श्रीराम फाइनेंस, नव भारत फर्टीलाइजर, सीस सिक्योरिटी गार्ड पुणे, टीसीएल नागपुर, जे के बायो एग्रीटेक, ऐपीएन सोलर, डिजिटल ट्री, कृषिधन बायो केयर, एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्स, सीपेट भोपाल, वीई कमर्शियल भोपाल, एशिया सॉफ्ट और आयशर भोपाल आदि प्रमुख कंपनियां इस मेले में प्रतिभाग करेंगी।

### सहभागी विभाग और अधिकारी

- कृषि अभियंत्रिकी विभाग, पवारखेड़ा
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण
- उद्यानिक विभाग

### युवा संगम रोजगार मेला

आपके करियर और स्वरोजगार की नई दिशा खोलने का सुनहरा अवसर है।

### सहभागी विभाग और अधिकारी

- नगरीय विकास एवं आवास विभाग
- खादी ग्राम उद्योग बोर्ड, जिला नर्मदापुरम
- कुटीर ग्राम उद्योग, नर्मदापुरम
- पशु पालन विभाग
- जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र
- जनजातीय कार्य विभाग
- मछुआ कल्याण एवं कृषि विकास विभाग
- मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्या कल्याण विभाग

### सुखतवा में 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

**इटारसी।** थाना केसला के अंतर्गत ग्राम बोरधा रैय्यत में एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कल्लू (22 वर्ष) पिता लालसिंह कासदे, निवासी ग्राम बोरधा रैय्यत, थाना केसला के रूप में हुई है। युवक ने किन कारणों से फांसी लगाई, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा से पुलिस को सूचना दी गई। केसला पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। मामले की जांच आरक्षक सतेन्द्र शर्मा द्वारा की जा रही है।

## 26 को शिव-पार्वती आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गोंड समाज जन जागृति संस्था ग्राम घोघरी के तत्वावधान में इस वर्ष भी जनजातीय परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण हेतु शिव-पार्वती आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 26 अप्रैल, रविवार को होने वाले इस सम्मेलन का यह 11 वा वर्ष है, जिसे लेकर क्षेत्र के आदिवासी समाज में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

यह आयोजन केवल विवाह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक विचार सम्मेलन के रूप में मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना विकसित करने के साथ-साथ समाज को फिजूलखर्ची और कर्ज के चंगुल से बचाना है।

26 अप्रैल , रविवार को यह आयोजन अर्धनारेश्वर बड़ादेव पेनठाना आश्रम, ग्राम घोघरी, ग्राम पंचायत गजपुर, तहसील इटारसी में होगा। यहां बड़ादेव पूजन सुबह 09 से 11 बजे तक चलेगा। पंजीयन शुल्क वर पक्ष के लिए 2100 और वधु पक्ष के लिए 1100 निर्धारित किया गया है। पंजीयन की तिथि 11 अप्रैल से 21 अप्रैल तक रहेगी।

आयोजन समिति ने सम्मेलन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कुछ विशेष नियम बनाए हैं। वर की आयु 21 वर्ष और वधु की आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य हैं।

### बेटे को साइकिल दिलाने के लिए मांगे थे रुपए, बेल्ट-मुक्के से किया हमला

# पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, पति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शांत फिजा वाले आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में हाल ही के दिनों में खासकर छोटे घरेलू विवाद बड़े हिंसक रूप लेते जा रहे हैं। जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में बेटे के लिए साइकिल खरीदने के पैसों को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी ने हाथ-मुक्कों और बेल्ट से हमला कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना 4 मार्च की रात करीब 11 बजे ग्राम ढप्पा के खेड़ा ढाना में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी सुधाकर दरशिमा ने अपने बेटे कुणाल के लिए साइकिल खरीदने के लिए पत्नी कविता से पैसे मांगे थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कविता पर हाथ-मुक्कों और बेल्ट से हमला कर दिया। मारपीट में महिला के सिर के पीछे, चेहरे, पीठ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। इन चोटों के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि मृतिका के साथ 4 और 5 मार्च को मारपीट की गई थी। मृतका की ननद से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की। दंपति का एक बेटा है, जिसके लिए साइकिल खरीदने के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद 6 मार्च को शाहपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी सुधाकर दरशिमा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने झल्लार निवासी बलराम पिता शंकर चान्गरे को अपनी पत्नी रंजना की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बलराम और उसकी पत्नी रंजना ग्राम हिवरखेड़ी में ईंट भ_ा पर मजदूरी करते थे। रंजना अक्सर एक रानू नाम की महिला के घर सो जाया करती थी, जिससे बलराम नाराज होता था। विगत सप्ताह बलराम ने रंजना के साथ कई बार मारपीट की। 4 मार्च को होली के दिन बलराम ने रंजना का सिर दीवाल में पटक दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। ईटभट्टा संचालक राजेन्द्र की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्घ कर विवेचना में लिया गया। बलराम को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के कब्जे से बांस का डंडा भी जब्त किया है।

## 3 दिन से लापता युवक का कुएं में मिला शव

**भैंसदेही।** थाना क्षेत्र के बडगांव में होली के दिन से लापता एक 33 वर्षीय युवक का शव शनिवार को खेत में बने एक कुएं से बरामद हुआ है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से युवक का शव और उसकी बाइक बाहर निकाली। आशंका जताई जा रही है कि अंधेरे में युवक अपनी बाइक समेत बिना मुंडेर वाले कुएं में गिर गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बडगांव निवासी वचन (33) पिता समजी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वचन 4 मार्च (होली) की दोपहर करीब 3 बजे घर से होली मनाने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों की तलाश के बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शनिवार को गांव के ही धानसिंह के खेत में बने कुएं के पास युवक की चप्पल और कुएं के अंदर बाइक दिखने पर ग्रामीणों ने पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलते ही भैंसदेही थाना प्रभारी ने एसडीआरएफ को मदद के लिए बुलाया। इसके बाद प्रभारी पीसी सुनीता पंद्रे के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम लगभग 60 किलोमीटर का सफर तय कर मौके पर पहुंची। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया और कुएं में उतरकर युवक का शव तथा उसकी बाइक बाहर निकाली। प्राथमिक जांच में अंदेशा है कि युवक शराब के नशे में पगडंडी से गुजरते वक्त अंधेरे में कुएं का अंदाजा नहीं लगा पाया, क्योंकि कुएं पर मुंडेर नहीं थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

## बैतूल-अमरावती हाईवे पर पुलिस ने पकड़ी मवेशियों से भरी कार

### महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 7 गायों को छुड़ाया




**बैतूल।** बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर बोरगांव जोड़ के पास शनिवार तडक़े पुलिस ने एक जायलो कार से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे सात मवेशियों को पकड़ा है। कार में छह गाय और एक बछड़े को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। पुलिस को आशंका है कि इन मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखानों में ले जाया जा रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक जायलो कार में मवेशियों को भरकर बैतूल से महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बोरगांव जोड़ के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतजार किया। कुछ ही देर में संदिग्ध जायलो कार वहां पहुंची। पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर कार में सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें छह गाय और एक बछड़ा बेहद खराब स्थिति में ठूंसकर भरे हुए मिले। इसके बाद पुलिस ने सभी मवेशियों को बाहर निकालकर सुरक्षित किया और वाहन को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी वाहिद खान ने बताया कि जब्त की गई कार महाराष्ट्र पासिंग की है। वाहन नंबर के आधार पर उसके मालिक की तलाश की जा रही है। इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### मधुमक्खियों से मची भगदड़

## हमले से कई घायल, सब्जी लेने आए पिता-पुत्री भी बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



नगर के साप्ताहिक बाजार में पानी की टंकी पर बने मधुमक्खियों के छत्तों के कारण अचानक भगदड़ की स्थिति बन गई। मधुमक्खियों का झुंड बिखरने से बाजार में मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए और कई लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। करीब एक से दो घंटे तक बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। घटना के बाद स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने पंचायत व प्रशासन से टंकी पर बने छत्तों को तत्काल हटाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पानी की टंकी पर पिछले कई दिनों से मधुमक्खियों के तीन बड़े-बड़े छत्ते बने हुए हैं।शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण यहां हजारों की संख्या में ग्रामीण खरीदारी करने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड फैल गया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सब्जी खरीदने अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ बाजार आए योगेंद्र ने बताया कि वह सब्जी लेकर लौट रहे थे, तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि किसी तरह पास में रखी सब्जी की खाली क्रेट के नीचे अपनी बेटी को ढककर सुरक्षित किया और वहां से भागकर जान बचाई। मधुमक्खियों के हमले में कई अन्य लोग भी घायल हुए। इनमें सचिन गुप्ता निवासी शाहपुर, दिलीप चोपना, विनोद निवासी भौंरा, रामभरोस निवासी इटारसी तथा गोपाल बैरागी निवासी तवाकाटी शामिल हैं, जिन्हें मधुमक्खियों ने काट लिया। राजू गुप्ता निवासी शाहपुर ने बताया कि उनकी दुकान भी पानी की टंकी के नीचे लगती है। अचानक मधुमक्खियों का झुंड बिखर गया और लोगों में भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि उन्हें भी दुकान छोडक़र भागना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद कई मधुमक्खियों ने उन्हें काट लिया। करीब एक से दो घंटे बाद स्थिति कुछ सामान्य हो पाई, तब जाकर लोग और दुकानदार दोबारा अपनी दुकानों पर लौट सके। घटना के दौरान पास स्थित स्कूल में भी सतर्कता बरती गई। भगदड़ जैसी स्थिति की आहट मिलते ही शिक्षकों ने तुरंत स्कूल की सभी खिड़कियां बंद करवा दीं, जिससे वहां पढ़ रही बालिकाओं सहित किसी भी छात्र को नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र के पास ही स्कूल संचालित होता है और साप्ताहिक बाजार के दिन यहां भारी भीड़ रहती है। ऐसे में यदि समय रहते पानी की टंकी पर बने मधुमक्खियों के छत्तों को नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों और

#### इनका कहना है

पानी की टंकी पर मधुमक्खियों के छत्ते पहले भी बन चुके हैं, जिन्हें पंचायत द्वारा दो-तीन बार हटवाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि छत्ते हटाने के बाद कुछ समय में मधुमक्खियां फिर किसी दूसरी जगह नया छत्ता बना लेती हैं। पंचायत द्वारा एक बार फिर मधुमक्खियों के छत्तों को हटवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे, ताकि बाजार आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मीरा धुर्वे, सरपंच, ग्राम पंचायत भौंरा

## सारनी में रंग-गुलाल संग मनाई गई होली

### शहर में दिखा भाईचारे और उल्लास का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



होली के पावन पर्व पर शहर में लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ जमकर रंग-गुलाल उड़ाते हुए त्योहार मनाया। सुबह से ही मोहल्लों, गलियों और चौक-चौराहों पर होली की मस्ती देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया।

होली के अवसर पर शहर में जगह-जगह दोस्तों और यारों के अलग-अलग जमावड़े भी देखने को मिले। युवाओं के समूह ढोल और होली गीतों के साथ रंगों की मस्ती में झूमते नजर आए। कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। वहीं बच्चों में भी होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे सुबह से ही पिचकारी में रंग भरकर सडक़ों और मोहल्लों में होली खेलते नजर आए। रंग-बिरंगी पिचकारियों और पानी के गुब्बारों के साथ बच्चों ने भी पूरे दिन जमकर होली की मस्ती की। त्योहार के दौरान शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और लगातार गश्त की गई, जिससे पूरे दिन होली का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। होली के इस रंगीन माहौल में पूरे शहर में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। लोगों ने मिल-जुलकर त्योहार मनाकर प्रेम, भाईचारे व एकता संदेश दिया।

### योजना के लिए प्रशिक्षण

## सड़क दुर्घटना में घायल को 1.5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा

**बैतूल।** पीएम राहत योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निजि अस्पताल संचालकों एवं स्वास्थ्य विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटरों का प्रशिक्षण एएनएमटीसी प्रशिक्षण केन्द्र बैतूल में शनिवार को आयोजित किया गया।

सीएमएचओ डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम राहत योजना का 13 फरवरी से शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य स?क दुर्घटना पीडितो को गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों के भीतर रूपये 1.5 लाख तक का कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। उन्होंनें कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता दुर्घटना पी?ति का इलाज करवाना है। हम सभी लोग इसमें मिलकर कार्य करें, हमारे तरफ से यह कोशिस हो कि कोई भी घायल व्यक्ति इलाज के अभाव में दम न तोड़े। योजना को आपातकालीन सहायता प्रणाली 112 से जोड़ा गया है, जिसमें दुर्घटना की सूचना मिलने पर पीडित को निकटतम अस्पताल तक शीघ्र पहुंचाया जा सके। जिले में आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई के अंतर्गत समस्त अस्पतालों को पीएम राहत योजनांतर्गत शामिल किया जाएगा। डीआईओ एनआईसी श्रीमती रचना श्रीवास्तव द्वारा पीएम राहत योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पीएम राहत योजना में किस प्रकार निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों में लाभ प्राप्त हो सकेगा। डीआरएम एनआईसी अभिषेक वागद्रे ने बताया कि योजना का संचालन पूर्णतः डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। सडक़ परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय की ई डिटेंल्स एक्सीडेंट रिपोर्ट प्रणाली को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के ट्रांजेक्शन प्रबंधन सिस्टम से जो?ा गया है, जिससे दुर्घटना की सूचना से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होगी। अधिकारी डॉ राजेश परिहार ने बताया कि केन्द्र सरकार की राहवीर योजना मध्यप्रदेश राज्य में भी लागू कर दी गई है। सडक़ दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने एवं जान बचाने पर 25 हजार का ईनाम एवं प्रशंसा पत्र दिया जाएगा।

## प्राण घातक हमले के आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस की पकड़ से दो लोग अब तक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



पुलिस ने हत्या के प्रयास करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मार्च की रात्रि में राजेंद्र नगर पाथाखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते घटना में आहत राजकमल गिरी पिता संजय गिरी कुमार (24) निवासी राजेंद्र नगर पाथाखेड़ा को आरोपी समीर अंसारी पिता आलम अंसारी उमर 22 साल निवासी कैलाश नगर शोभापुर कॉलोनी, प्रमोद उर्फ तरूण लाहोरिया पिता गयाप्रसाद लाहोरिया कुमार 29 साल निवासी अंबेडकर नगर पाथाखेड़ा, सागर पवार पिता रामकिशोर पवार उमर 24 साल निवासी जगजीवन नगर पाथाखेड़ा, पवन पुरी पिता भोला पुरी उम्र 28 साल निवासी आजाद नगर पाथाखेड़ा, मयूर पिता अनूप मकवाने उमर 23 साल निवासी बस स्टैंड के पीछे पाथाखेड़ा और मुकेश पिता राजकरण जायसवाल उम्र 35 साल निवासी जगजीवन नगर पाथाखेड़ा के द्वारा मारपीट कर गंभीर चोटे पहुंचाई गई, जो कि पीड़ित राजकमल गिरी को प्राण घातक चोट आने से प्रकरण धारा 296 (ए) 109(1) 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी

समीर अंसारी पिता आलम अंसारी उम्र 22 साल निवासी कैलाश नगर शोभापुर कॉलोनी, प्रमोद उर्फ तरूण लाहोरिया पिता गयाप्रसाद लाहोरिया कुमार 29 साल निवासी अंबेडकर नगर पाथाखेड़, सागर पवार पिता रामकिशोर पवार उमर 24 साल निवासी जगजीवन नगर पाथाखेड़ा, पवन पुरी पिता भोला पुरी उम्र 28 साल निवासी आजाद नगर पाथाखेड़ा को गिरफ्तार कर 5 मार्च को माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं प्रकरण के अन्य आरोपी मयूर मकवाने एवं मुकेश जायसवाल की गिरफ्तारी होना शेष है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती थाना प्रभारी सारणी, उप निरीक्षक मनोज उइके चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, सहायक उप निरीक्षक अजय भाट, शिवपाल सिंह इरपाचे, आरक्षक राकेश करपे, रविमोहन, सुभाष मंडलोई, मोहित एवं सैनिक सुभाष रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

## विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ की बैठक में ग्रेच्युटी और चिकित्सा बीमा योजना पर हुई चर्चा



**बैतूल।** विद्युत पेन्शनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक 07 मार्च को लिंक रोड टिकारी बैतूल में आयोजित की गई, जिसमें पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण के प्रयास किए गए। संघ के अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने बताया कि बैठक में ग्रेज्युटी की 25 लाख रुपये की सीमा के दायरे में आने वाले 9 पेंशनरों द्वारा सहमति व्यक्त की गई है, जिस पर प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में लगभग 70 पेंशनरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पेंशन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना की जानकारी भी दी गई, ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का लाभ ले सकें। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ एवं विगत माह सेवानिवृत हुए पेंशनरों का सम्मान किया गया।

### हमलापुर में भांग, काजू-बादाम से सजाया बाबा का दरबार

# फाइनल से पहले महाकाल का श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

क्रिकेट का जुनून जब आस्था से जुड़ जाता है तो माहौल और भी खास बन जाता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज रविवार होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के लिए बैतूल के क्रिकेट प्रेमियों और प्रशंसकों ने बाबा महाकाल जी महाराज के दरबार में विशेष प्रार्थना की। भारत और न्यूजीलैंड के फाइनल मुकाबले से पहले बैतूल के हमलापुर स्थित न्यायाधीश कॉलोनी में बाबा महाकाल जी महाराज का विशेष श्रृंगार भांग, काजू और बादाम से किया गया। पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान महाकाल को सजाया गया और प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करे। बाबा महाकाल जी महाराज का आकर्षक और भव्य श्रृंगार प्रसिद्ध मूर्तिकार सुनील प्रजापति द्वारा किया गया। उन्होंने बड़ी श्रद्धा और कलात्मकता के साथ बाबा महाकाल का श्रृंगार किया, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोग भी पहुंचे और सभी ने मिलकर भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की।

### कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**बैतूल।** जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल अक्षत जैन एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे के निर्देशन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला पंचायत के माध्यम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग बैतूल के द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य बबला शुक्ला, अतीत पंवार, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष नितेश राजपूत एवं पर्वत राव धोटे, क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग धर्मेन्द्र पवार, क्रीड़ा अधिकारी जनजातिय कार्य विभाग विनय यादव उपस्थित थे। प्रतियोगिता में जिले के विकासखंडो से प्रतिभागियों ने सहभागिता की। अतिथियों ने उद्बोधन में खिलाडिय़ों को नवीन ऊर्जा का संचार करने के लिए हौसला बढ़ाया एवं खेल को खेल की भावना से खेले जाने के लिए एवं अपना व जिले का नाम रोशन करने आदि पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने खेलों में सक्रिय भागीदारी व सहभागिता करने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मंच संचालन राम नारायण शुक्ला एवं आभार जिला समन्वयक उमेंद्र रहड़वे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला परियोजना प्रबंधक संदीप परिहार, जिला समन्वयक उमेंद्र रहड़वे, टीम कोच रवि विनय, गोविन्द विश्वकर्मा तथा खेल और युवा कल्याण विभाग से जिला प्रशिक्षक व युवा समन्वयक एवं समस्त स्टाफ के संयुक्त प्रयासों से यह प्रतियोगिता सफलता के साथ संपन्न कराई गई। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने बताया कि प्रतियोगिता में शाहपुर एवं बैतूल टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें शाहपुर टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21 हजार की पुरस्कार राशि एवं शील्ड पर अपना आधिपत्य किया, वहीं बैतूल टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 11 हजार व शील्ड पुरस्कार पाया, तीसरे स्थान पर चिचोली टीम को 5100 की राशि, शील्ड प्रदान की। सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100-1100 की राशि एवं मेडल क्रमशः घोड़ाडोंगरी, भीमपुर व प्रभात पट्टन ने प्राप्त किया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अस्मिता एथलेटिक्स लीग 9 को होगा

**बैतूल।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 मार्च को सुबह 7 बजे से मां शबरी शिक्षा परिसर मानस नगर बैतूल में अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना तथा उनमें खेल भावना को बढ़ावा देना है। जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है।

### राजस्व मंत्री ने किया पौधारोपण

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बिलकिसगंज के शासकीय सांदीपनी स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया।

**CHANGE OF NAME**

I No.- 2607708M Rank - EX SEP Name- **SIR CHAND NARWARE** resident of Vill.- Dharni, Post- Semjire Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) Pin- 460557, have changed my daughter's name from **HARSHANA to HARSHANA NARWARE** vide affidavit 26/02/2026 Distt.- Betul (MP) before attested 1'st class magistrate Betul Distt.- Betul (MP)

**कार्यालय ग्राम पंचायत भौंरा**
**जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल (म.प्र.)**

क्र./का.ग्रा.पं./2025-26 — दिनाँक-05/03/2026

**// सूचना //**

समस्त ग्रामवासियों एवं व्यापारी बंधुओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भौंरा का प्रति शुक्रवार को लगने वाला **साप्ताहिक बाजार (वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु)** दिनाँक **01/04/2026 से 31/03/2027** तक के लिए नीलामी दिनाँक 09/03/2025 दिन सोमवार समय दोपहर 12.00 बजे, **स्थान मंगल भवन भौंरा** में रखी गई है। अतः इच्छुक ठेकेदार नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होंवे। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत भौंरा के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**नीलामी की मुख्य शर्ते :-**

1. बाजार नीलामी के पूर्व 1,00,000/- रूपये अमानत राशि जमा करना होगा। 2. बाजार नीलामी की 25 प्रतिशत राशि 02 दिवस के भीतर जमा करना होगा, शेष राशि किस्तों में जमा करना होगा।

**सरपंच/सचिव, ग्राम पंचायत भौंरा**

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित




**माखननगर।** शुक्रवार को परियोजना माखन नगर के सेक्टर सांगा खेड़ा खुर्द में कक्षा आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 आंगनवाड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में निर्धारित कैलेंडर अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र के खाने के बर्तन पानी पीने के बर्तनों की सफाई करवाई गई। इस कार्यक्रम के दौरान सफाई से पूर्व का फोटो और सफाई के पक्ष का फोटो लिया गया पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा द्वारा समक्ष में यह कार्यक्रम करवाया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति समागम



**सिवनीमालवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मातृशक्ति समागम व बाल विवाह विरोध कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. राजेश रघुवंशी सहित अतिथियों ने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया और विभिन्न क्षेत्रों की 50 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया।

### नरवाई न जलाएं, भूसा बनाएं, एसडीएम की अपील

**सिवनी मालवा।** एसडीएम विजय राय ने किसानों से नरवाई न जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए ग्राम स्तर पर दल बनाए गए हैं और भूसा संग्रहण केंद्र बनाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर धारा 163 के तहत कार्रवाई की जाएगी।



---

प्रतिदिन बार-बार मुख्य बाजार के प्रवेश मार्ग पर लगता है जाम

# नहीं लग रही मुख्य बाजार में अवैध पार्किंग व अनलोडिंग वाहनों पर रोक

शहर का मुख्य बाजार दशकों से अव्यवस्थित है, जिससे रोज़ाना जाम और आवाजाही में बाधा बनी रहती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर का मुख्य बाजार दशकों से अव्यवस्थित है। कई परिषदें नगर निकाय में आईं-गईं। लेकिन बाजार व्यवस्थापन का कार्य अब तक नहीं हो सका है। जिसके कारण प्रतिदिन दिनभर जाम की स्थिति बनती है तथा नागरिक परेशान होते हैं। शनिवार दोपहर मुख्य बाजार में श्रीराम चौक-कमानिया गेट मार्ग पर अनलोडिंग वाहनों तथा नाश्ते की एक दुकान के सामने बाइक्स की आड़ी-तिरछी पार्किंग के कारण आवाजाही की समस्या उत्पन्न हुई।

नागरिकों सहित उक्त रास्ते पर स्थित दुकानों के संचालकों व व्यापारियों के अनुसार बाजार में मार्ग किनारे दिनभर अवैध रूप से दोपहिया वाहन सड़क पर आड़े तिरछे खड़े किए जाते हैं। जिससे दिनभर आवाजाही की बाधा उत्पन्न होती है। वहीं इस दौरान यदि कोई अनलोडिंग वाहन सड़क पर पार्क कर दिया जाता है तो फिर आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है तथा बाजार के सिमटे रास्ते पर लंबे जाम की स्थिति बनने लगती है। यह जाम कई बार श्री राम चौक से लेकर बिहारी चौक तक के लगभग 150 मीटर के हिस्से में काफी देर तक बना रहता है। नागरिकों ने समस्या समाधान की अपेक्षा स्थानीय प्रशासन से की है।



#### इनका कहना है

नगर परिषद का एक निगरानी दल सोमवार से भेजना प्रारंभ करेंगे। जो बाजार को व्यवस्थित रखेगा। बाजार में पार्किंग स्थल चिन्हित करने का भी प्रयास किया जाएगा।

**धर्मेंद्र शर्मा,** सीएमओ नगर परिषद सोहागपुर।

#### सड़कों पर अस्थाई दुकानें

नागरिकों के अनुसार सोहागपुर बाजार में सब्जी, चाट, फल की अस्थाई दुकानें मुख्य मार्ग पर ही लगाई जाती हैं। किसी समय ये दुकानें स्वरूप में छोटी होती थी, तो आवाजाही सुचारू रहती थी। लेकिन धीरे-धीरे इन अस्थाई दुकानों का स्वरूप बढ़ा दिया गया। एक हाथठेले के स्थान पर दो हाथठेले लगाकर दुकानें फैलाई गईं। जिसके कारण श्रीराम चौक से आगे बढ़ने पर गांधी चौक का रास्ता, चंद्रा मेडिकल के सामने हनुमान मंदिर के समीप का क्षेत्र, कमानिया गेट क्षेत्र तथा आगे बिहारी चौक तक का रास्ता पूरी तरह बाधित हो जाता है। नागरिकों का कहना है कि उदरपोषण सभी लोगों की आवश्यकता है। अतः जरूरी है कि स्थानीय प्रशासन तथा नगर परिषद अस्थाई दुकान संचालकों के साथ बैठक करे, उनकी दुकानें व्यवस्थित करें, दुकानों के क्षेत्र निर्धारित करें व बाजार व्यवस्थित करें। ताकि आवाजाही की बाधा की रोजाना की समस्या से शहर को छुटकारा मिल सके।

---

# बैठक हुईः जनगणना की तैयारी नरवाई जलाने पर कार्रवाई होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में शासकीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी, धर्मेंद्र नामदेव, बनखेड़ी तहसीलदार, नायब तहसीलदार आरसी प्रदीप शर्मा, वरिष्ठ कृषि अधिकारी निराली आर्य, रूपल राजपूत, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर.पी. नायक और कमलेश रघुवंशी सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार, पटवारी व राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2011 के बाद 14 साल पश्चात फिर से जनगणना कार्य शुरू होने जा रहा है, जिसमें किसी भी परिवार या व्यक्ति का नाम छूटना नहीं चाहिए।

इसके लिए टीम बनाकर क्षेत्र में निगरानी के निर्देश दिए गए। साथ ही रबी फसल कटाई के दौरान गेहूं की नरवाई में आग लगाने से रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नरवाई जलाने की सूचना छिपाने पर संबंधित कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होगी। हालांकि बैठक में कर्मचारियों को दोपहर 2 बजे बुलाया गया था, जबकि एसडीएम 3:30 बजे पहुंचे और कई कर्मचारियों को शाम 5 बजे तक पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया।

---

# अभा रंग-तरंग कवि सम्मेलन में 14 सेवाभावी, 16 कवि सम्मानित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कला साहित्य संस्कृत मंच द्वारा रंग पंचमी के पावन पर्व आयोजित अखिल भारतीय रंग तरंग कवि सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने अपनी ओज हास्य और देशभक्ति से भरी कविताओं से सैकड़ों काव्य रसिक श्रोताओं को रात्रि 1 बजे तक मंत्र मुग्ध कर करतल ध्वनि करने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत मंचासीन हुए एवं अध्यक्षता गीतकार कवि रामकिशोर नाविक ने की। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम संयोजक एवं नगर पालिका स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव ने किया। कवि सम्मेलन का आरंभ गीत गजलकार चेतन जोशी कांटा फोड़ की रचना गांजा,चरस या भांग को पाने के वास्ते, लोगों मेरे शंकर का दुष्प्रचार मत करो। हास्य व्यंग गोविंद शर्मा, रंग लगाने वालों से प्रेम से रंग लगवाएं लेकिन रंग बदलने वालों से दूरी बनाएं। वीर रस विजय गिरी बारूद समस्तीपुर बिहार, कलम के सामने परमाणु बम भी टिक नहीं पाते, किसी हथियार से पैनी कलम की धार होती है। गीत गजलकार लता मानेकर जमशेदपुर झारखंड, उनके हृदय में राम होते हैं जो दंभ स्वार्थ को तजने वाले, करो राम सा काम,नाशकर अपने भीतर के रावण का। हास्य व्यंग सुनील समैया बीना, यह लोग सियासी है, सिर्फ यूज करेंगे क्यों ऐसे भिखारी के घर तू मांगने गया। गीत गजल कार सतीश शमी पथरोटा, हमको अगर बिगड़ी हुई तकदीर गर बनाना है, तो पहले मां-बाप के चरणों में सर झुकाना है। हास्य व्यंग संदीप मदन गुरु बुधनी, दुख तकलीफ हताशा लालसा कुछ भी हो लाल की, अंतरयामी से कम नहीं पिता सब जान लेते हैं।




### दो पंचायतों में सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली और तरौनकला में विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50-50 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी और अध्यक्षता विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद पदाधिकारी, सरपंच, पार्षद और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। समारोह के बाद सभी अतिथियों ने क्षेत्र में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# पुलिस का आपरेशन माय फोन, खोजे और धारकों को वापस कराए 14 फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

थाना सोहागपुर के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन 'माय फोन' में इस वर्ष के शुरुआत से अभी तक बड़ी कामयाबी मिली है। थाना सोहागपुर में गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायत आवेदकों के द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट अनुसार अब तक गुम एवं चोरी हुए मोबाइल की पतारसी के लिये पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम सांई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन नर्मदापुरम एवं एसडीओपी संजू चौहान सोहागपुर द्वारा मोबाइलों के गुमने की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया। मोबाइल पतारसी के लिये थाना प्रभारी ऊषा मरावी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। एएसआई गणेश राय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सीईआईआर पोर्टल संचालित किया गया है, जो एक केंद्रीकृत प्रणाली है। पोर्टल के माध्यम से कोई गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक एवं ब्लॉक करने में मदद मिलती है। थाना सोहागपुर में जनवरी 2026 से शुक्रवार तक थाना में 18 शिकायत में प्राप्त हुई। जिनमें 14 मोबाइल उनके धारकों को वापस कराए। इनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये है। इसी श्रृंखला में सैमसंग कंपनी की एक टैबलेट शिकायतकर्ता रीतेश रघुवंशी सोहागपुर को शुक्रवार को वापस की गई है। राय ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल चोरी अथवा गुम होता है तो थाने में शिकायत जरूर करें। शिकायत के साथ आधार कार्ड व फोन बिल पोर्टल पर जरूर प्रस्तुत करें। इस अभियान में थाना प्रभारी ऊषा मरावी के साथ सहायक उप निरीक्षक गणेश राय एवं आरक्षक अजमेर सिंह परिहार की भूमिका सराहनीय है।



---

कलेक्टर से शिकायत कर नीलामी प्रकिया जांच की मांग

# 4 भवन 1 लाख 5 हजार में कर दिए नीलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

27 फरवरी को जनपद पंचायत के कर्मचारियों के निवास के लिए बने चार ब्लॉक मात्र 1 लाख 5 हजार में नीलाम कर दिए गए जिसकी माखन नगर के दीपक शर्मा ने कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ एवं एसडीएम को शिकायत कर नीलामी प्रक्रिया की जांच की मांग की है। शिकायती पत्र में लिखा है जनपद पंचायत के उपयंत्री में मूल्यांकन का आंकलन सही नहीं किया चारों ब्लॉक में इमारती लकड़ी सागौन के 28 दरवाजे अच्छी हालत में इतनी ही खिड़की अलमारी अनुमानित 100 से 200 घन फिट 10 फीट लंबे सागौन के रापटर सीमेंट की चादर ईट जो उपयोगी है। सब इंजीनियर मुकेश बूबाड़े डिस्मेंटल मटेरियल सहित 94000 का मूल्यांकन किया जबकि इमारती लकड़ी एवं अन्य सामग्री लाखों रुपए मूल्य की है। एक फर्नीचर के जानकार में बताया वर्तमान में सागौन की दर साढ़े तीन हजार रुपए घन फीट है अनुमानित 100 घन फिट से ज्यादा सागौन की लकड़ी है



#### क्या है नियम

सामान्य प्रशासन की कंडिका 4, 2 सामान्य परिपत्र पुस्तिका 3- 8 तथा लोक निर्माण विभाग के मैन्युअल के अनुसार कलेक्टर द्वारा यह प्रमाणित किया जाना आवश्यक है संबंधित भवन अन्य किसी लोक प्रयोजन के लिए उपयोग योग्य नहीं है पूंजीगत लागत का निर्धारण पी डब्ल्यू डी मैन्युअल के अनुसार होना चाहिए पी डब्ल्यू डी के सब इंजीनियर आर बी चौहान से जब इस संबंध में बात करनी चाहि तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जनपद के सब इंजीनियर मुकेश बुबाडे का कहना है पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर ने कलेक्टर को सूचना दे दी गई है कहां है नीलामी कर सकते हैं क्या मौखिक सूचना पर्याप्त है।

#### 33 बोलीदार ने नीलामी में जमा की थी राशि

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 33 बोलीदार ने राशि जमा की मात्र दो बोलीदार ने हीं बोली लगाई बाकी लोगों ने कोई बोली नहीं लगाई यह भी इस तरफ इशारा करता है कि यह नीलामी सुनियोजित थी जानबूझ कर जनपद को राजस्व की हानि पहुंचाई गई है अगर बोली कम आई थी तो पुनः नीलामी भी की जा सकती थी।

#### जनप्रतिनिधियों को नहीं है जानकारी

माखन नगर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष लालचंद यादव का कहना है नीलामी का जनपद की बैठक में कोई प्रस्ताव नहीं लिया गया न ही उच्चतम बोली स्वीकृति के लिए जनपद की बैठक आयोजित की गई फिर जनपद सभा का औचित्य क्या है यह प्रशासनिक लापरवाही और मनमानी को दर्शाता है राजस्व की हानि हुई है वित्तीय अनियमितता का मामला है इसकी जांच होनी चाहिए।

# देनवा म्यूजिकल ग्रुप ने होली पर रंगारंग गीत प्रस्तुति आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

होली के अवसर पर क्षेत्र में विविध संगठनों द्वारा धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार रात देनवा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देनवा लॉज परिसर में रंगारंग गीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें होली गीतों पर नागरिकों ने भरपूर नृत्य का आनंद उठाया। ग्रुप संयोजक समाजसेवी अभय खंडेलवाल ने बताया कि रात लगभग आठ बजे आयोजन प्रारंभ किया गया। जिसमें कराओके ट्रैक्स पर स्थानीय गायकों ने होली सहित अन्य विधाओं पर आधारित फिल्मी गीतों व भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिन पर नागरिकों ने नृत्य कर भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान सहभोज आयोजन भी देनवा म्यूजिकल ग्रुप की ओर से किया गया। आयोजन में अभय खंडेलवाल, डीके मिश्रा, राजेश दुबे, अशोक चौरसिया, सौरभ सोनी, सुब्रत ढाली, अमित बिल्लौरे ने फिल्मी गीतों, भजनों व होली गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान ग्रुप सदस्य धनराज तिवारी, संजय खंडेलवाल, अधिवक्ता नीरज शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, अरविंद चौरसिया, अखिलेश चौरसिया, मुन्ना मालवीय, रोहित ब्रम्हवंशी, संतोष आदि उपस्थित थे।



# कंप्यूटर ऑपरेटर से 9 लाख रुपए वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के वेतन भुगतान में लगभग 9 लाख रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में खापरखेड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कंप्यूटर ऑपरेटर कमलेश कुमार अहिरवार को पिपरिया कार्यालय में पदस्थ किया गया था। आरोप है कि उसने शिक्षक रेवा शंकर के नाम का सहारा लेकर अपनी पत्नी रेवा वाई का नाम वेतन सूची में जोड़ दिया और वर्ष 2018 से 2024 तक हर माह वेतन उसके खाते में जमा कराता रहा। वर्ष 2024-25 में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी के पदभार संभालने के बाद वेतन भुगतान का मिलान किया गया, जिसमें यह अनियमितता पकड़ में आई। जांच में लगभग 9 लाख रुपये की गड़बड़ी सामने आने पर राशि शासन के खाते में जमा करा दी गई और संबंधित ऑपरेटर को हटा दिया गया। अधिकारियों के अनुसार मामले की पूरी जांच कर ली गई है।

### श्रद्धालुओं ने खेली फूलों और रंगों की होली

**इटारसी।** रंग पंचमी के पावन पर्व से एक दिन पूर्व शनिवार को शहर के प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम मंदिर में होली का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति और रंगों के अनूठे संगम का केंद्र बना रहा। उत्सव की शुरुआत दोपहर से हुई, जहां बड़ी संख्या में एकत्र महिला श्रद्धालुओं और भक्तों ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी।





---

अमृत 2.0 के तहत 3.28 करोड़ के एसटीपी प्लांट का भूमिपूजन

# पचमढ़ी की 'धड़कन' छावनी झील का कायाकल्प होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



'सतपुड़ा की रानी' पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता को नया आयाम देने की दिशा में शनिवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत छावनी परिषद झील के जीर्णोद्धार कार्य का भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर के पर्यावरण संरक्षण में भी यह मील का पत्थर साबित होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद दर्शन सिंह चौधरी, क्षेत्रीय विधायकठाकुरदास नागवंशी, छावनी परिषद सीईओ राहुल गजभिए, मनोनीत पार्षद संजय लेडवानी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



#### झील को प्रदूषण से बचाने का मास्टर प्लान

जीर्णोद्धार कार्य का मुख्य केंद्र 3 करोड़ 28 लाख की लागत से बनने वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट है। वर्तमान में झील की सबसे बड़ी समस्या शहर का गंदा पानी है। आर्मी एरिया, पीटीएस और शहर के अन्य हिस्सों से निकलने वाले सीवेज आउटलेट जो अभी सीधे झील में मिल रहे हैं, उन्हें अब पाइपलाइन के जरिए सीधे एसटीपी प्लांट तक ले जाया जाएगा। झील में गंदा पानी रुकने से जलीय जीवों और मछलियों के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा। साथ ही, झील में बढ़ रही 'चोई' (काई) की समस्या पर भी लगाम लगेगी। भूमिपूजन से पूर्व ही परिषद द्वारा जेसीबी के माध्यम से नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एक ऐसी तकनीक या इकाई है जिसका उपयोग घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे और प्रदूषित पानी को साफ करने के लिए किया जाता है। इसमें भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रक्रियाओं के माध्यम से पानी से हानिकारक तत्वों, ठोस कचरे और बैक्टीरिया को हटाया जाता है। शोधन के बाद यह पानी इतना स्वच्छ हो जाता है कि इसे सुरक्षित रूप से नदियों या झीलों में छोड़ा जा सकता है या फिर खेती और बागवानी के लिए पुनः उपयोग किया जा सकता है। इससे जल जनित बीमारियों और दुर्गंध में कमी आती है।

#### जिम्मेदारों के बोल

पचमढ़ी को देश का बेहतर टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। छावनी झील को सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है। एसटीपी प्लांट लगने से झील का पानी शुद्ध रहेगा और काई की समस्या से निजात मिलेगी।

**राहुल गजभिए,** सीईओ

झील में जा रहे गंदे पानी को रोकना अनिवार्य था। यह प्लांट हमें गंदगी और बदबू से मुक्ति दिलाएगा। खास बात यह है कि यहां से शोधित होकर निकलने वाला पानी आगे जिन नदियों में मिलेगा, वह पूरी तरह स्वच्छ रहेगा।

**संजय लेडवानी,** मनोनीत पार्षद



## खबर संक्षेप

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

**हरदा**। जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। 17726 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। इसके लिए 421 मूल्यांकनकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को प्रतिदिन औसतन 45 उत्तर पुस्तिकाएं जांचनी होंगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मूल्यांकन की पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किए हैं। कॉपियों की जांच निर्धारित मानक उत्तर पुस्तिका के आधार पर की जाएगी। साथ ही अंकों की प्रविष्टि में त्रुटि न हो, इसके लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार हरदा में 245, खिरकिया में 297 और टिमरनी में 309 मूल्यांकनकर्ता उत्तर पुस्तिकाएं जांचेंगे।

### देदली नदी पुल के पास मृत मवेशी फेंके जाने से ग्रामीण परेशान

**हरदा**। नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर देदली नदी पुल के पास मृत मवेशी फेंके जाने से आसपास के ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से गुजरने वाले लोगों को तेज दुर्गंध के कारण भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। खेतों में आने-जाने वाले किसानों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने पंचायत से मृत मवेशी फेंकने का स्थान बदलने की मांग की है। ग्रामीण प्रेम पटेल, ओपी भायरे, बंशीलाल फुलरे, सोनू पटेल और भागीरथ भायरे ने बताया कि जिस स्थान पर मृत मवेशी फेंके जाते हैं, उसी रास्ते से किसानों को अपने खेतों तक जाना पड़ता है। कई किसानों के सिंचाई मोटर पंप भी इसी क्षेत्र में लगे हैं। इसके कारण उन्हें रात में खेतों की रखवाली के लिए वहीं रुकना पड़ता है। ऐसे में सड़ते मवेशियों से उठने वाली दुर्गंध के कारण काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह-सुबह कई लोग रनिंग और मॉर्निंग वॉक के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। मृत मवेशियों से उठने वाली तेज बदबू के कारण लोगों को वहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। बीमारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। इस संबंध में पंचायत सचिव नंदलाल बघेले ने बताया कि पटवारी से जानकारी लेकर शासकीय भूमि का चयन किया जाएगा। जल्द ही मृत मवेशी फेंकने के लिए नया स्थान चिन्हित किया जाएगा। समस्या का समाधान किया जाएगा।

### आक्रोशित परिजनों ने पुलिस के साथ की झूमा-झटकी

# ताऊ ने भाई-बहन को पीटकर हत्या की, आरोपी के घर में आग लगाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्दीकगंज/आष्टा

सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरी में शुक्रवार की सुबह रिश्तों के कत्ल की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। जमीनी रंजिश के चलते एक कलयुगी ताऊ ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने ही सगे भतीजे और भतीजी की लाठियों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में स्थिति विकट हो गई और गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी के घर में आग लगा दी।

जानकारी के अनुसार धर्मपुरी निवासी कुलदीप मालवीय (18) अपनी बहन शीतल (20) के साथ शुक्रवार सुबह बाइक से 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने के लिए घर से निकला था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे उसके ताऊ हरिसिंह मालवीय और चचेरे भाई हेमंत मालवीय ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि बच्चे कुछ समझ पाते, आरोपियों ने उन पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई को बचाने आई शीतल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

#### आरोपी के घर में आग लगाई भारी पुलिस बल तैनात

डबल मर्डर की खबर जैसे ही गांव में फैली, परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। किसीअज्ञात ने आरोपी हरिसिंह के घर पर आग लगा दी। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे घर का केवल अगला हिस्सा ही जल पाया। वर्तमान में एहतियात के तौर पर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है।

#### वन भूमि बनी वारदात का कारण

पुलिस के अनुसार जगदीश मालवीय और उनके भाई हरिसिंह के बीच लंबे समय से वन भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। साथ ही पिछले साल अक्टूबर में हरिसिंह के बेटे रितेश की एक सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसका बदला लेने के लिए वह अपने भाई के परिवार से रंजिश रख रहा था। इसे लेकर पूर्व में भी मारपीट के मामले दर्ज हुए थे, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं।

**आरोपी पिता-पुत्र हिरासत में :** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मुख्य आरोपी हरिसिंह व उसके पुत्र हेमंत को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे सघन पूछताछ की जा रही है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

#### अस्पताल में हंगामा

हत्याकांड के बाद आष्टा सिविल अस्पताल में उस वक्त जबरदस्त हंगामा हो गया, जब आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान परिजनों की वहां मौजूद एक कांस्टेबल के साथ झुमाझटकी और मारपीट भी हुई। स्थिति बिगड़ती देख आष्टा और पार्वती थाना प्रभारियों को अतिरिक्त बल के साथ मोर्चा संभालना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पिछले दो महीनों में चार बार पुलिस को आवेदन देकर जान के खतरे की आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस की सुस्ती ने आज दो बच्चों की जान ले ली।

### आमने सामने बाइक भिड़ी थीं

# रेलवे ओवरब्रिज पर सड़क हादसे में एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे उड़ा के रेलवे ओवरब्रिज पर हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से हुआ। मृतक की पहचान ग्राम बहराखेड़ी निवासी नत्थूलाल पिता अमरसिंह काजले ठाकुर (48) के रूप में हुई है। वह अपने साथी अनिल पिता मोतीराम कौशल (40) निवासी भायली के साथ हरदा से मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे थे।

सरी बाइक पर ग्राम खेड़ा निवासी हेमंत पिता रामेश्वर यादव (38) और हंडिया निवासी मोहित शर्मा सवार थे। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि रॉन्ग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में चारों लोग घायल हो गए। नत्थूलाल काजले को गंभीर चोटें आईं और उन्हें जिला अस्पताल लाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। घायल अनिल कौशल ने बताया कि नत्थूलाल मिस्त्री का काम करते थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि नत्थूलाल के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पीछे से आ रहे उनके अन्य साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक नत्थूलाल के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि नत्थूलाल के तीन बेटे थे, जिनमें से बड़े बेटे की करीब ढाई साल पहले टिमरनी में हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। दूसरी बाइक पर सवार हेमंत यादव और मोहित शर्मा मोटर बाइंडिंग का काम करते हैं। घायल हेमंत के पिता रामेश्वर यादव ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि उनके बेटे उस तरफ कैसे गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नशे में रामकुमार और संतोष के बीच विवाद हुआ था

# आश्रम सेवक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़यिकला में एक आश्रम सेवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर शुक्रवार को आरोपी को बैतूल से गिरफ्तार कर लिया है। उससे हत्या के कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है। गुरुवार सुबह बेड़यिकला के पास एक खेत में पहटकला निवासी संतोष पिता लक्ष्मीनारायण पालीवाल (48) का शव मिला।

संतोष हनुमान मंदिर के आश्रम में सेवक के रूप में काम करता था। उसके गर्दन और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की। आश्रम में ही रहने वाले नरसिंहपुर जिले के ग्राम कल्याणपुर निवासी रामकुमार गौरव, जो बाबा का रूप धारण किए रहता था, पर हत्या का संदेह था। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया था। एसपी शशांक ने बताया कि आरोपी रामकुमार और मृतक संतोष पालीवाल दोनों आश्रम में साथ रहते थे। उनके बीच लंबे समय से छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होता था। आरोपी को आशंका थी कि संतोष उसे आश्रम से हटाना चाहता है।

बुधवार रात भांग के नशे में रामकुमार और संतोष के बीच विवाद बढ़ गया। आरोपी रामकुमार ने संतोष की गर्दन को अपने दांतों से काट लिया। जब संतोष बेसुध हो गया, तो आरोपी ने अपने हाथों से उसके दोनों जबड़ों को पकड़कर उखाड़ दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। उसकी तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गईं। इन टीमों की मदद से आरोपी को बैतूल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे आगे की पूछताछ जारी है।

# सुखरास गांव में करंट लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत, खेत पर मजदूरी करता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरास में शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे करंट लगने से एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सुखरास निवासी मुकेश पिता केवलराम खोदरे (45) किसान सुनील पुनासे के खेत पर मजदूरी करता था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह खेत के पास बहने वाले नाले में मूंग की फसल के लिए पानी की मोटर लगा रहा था। इसी दौरान उसे हाथों की उंगलियों और पैरों में करंट लग गया। करंट का झटका लगने से मुकेश पानी में गिर गया। घटना के समय उसका छोटा भाई गोलू भी वहीं मौजूद था, जो बोल पाने में असमर्थ है। गोलू दौड़कर गांव गया और ग्रामीणों को बुलाकर लाया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, मुकेश की मौत हो चुकी थी। उसे तत्काल एक निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अमन ने बताया कि वह दो भाई हैं, जिसमें छोटा भाई 14 साल का है। पुलिस ने परिजनों और खेत मालिक के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## मीडिएशन फॉर नेशन अभियान के तहत न्यायाधीशगणों का प्रशिक्षण संपन्न

**सीहोर**। सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की समय पर पहचान, प्रभावी रेफरल एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मीडिएशन फॉर नेशन अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान के तहत न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के नेतृत्व में जिला न्यायालयों में पदस्थ न्यायाधीशगणो के लिए राज्य




स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो दो चरणों में 14 फरवरी और 28 फरवरी को संपन्न हुआ। सीहोर जिले से प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह सहित जिला एवं तहसील न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों द्वारा इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रभावी रेफरल ही सफल मध्यस्थता प्रणाली की आधारशिला है। समय पर एवं सुविचारित रेफरल से न केवल सौहार्दपूर्ण समझौते की संभावना बढ़ती है, बल्कि न्यायालयों का बहुमूल्य समय भी बचता है।

## जिले में नरवाई-पराली जलाने पर प्रतिबंध, आदेश जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले में नरवाई, पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत यह आदेश जारी किया गया है, जो आगामी तीन माह तक जिले की सीमा में प्रभावी रहेगा।

जारी आदेश में बताया गया है कि रबी फसल की कटाई के बाद गेहूं, चना, सरसों और मक्का के अवशेष (नरवाई, पराली) जलाने से हानिकारक गैसें और धुआं उत्पन्न होता है। इससे मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और कृषि भूमि की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही मिट्टी के सूक्ष्म जीवाणु भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उत्पादक क्षमता प्रभावित होती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत नरवाई जलाना पहले से ही प्रतिबंधित है। जिले में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण विभाग के प्रावधानों के अनुसार अर्थदंड भी लगाया जाएगा, जिसकी वसूली भू-राजस्व की तरह की जाएगी। कलेक्टर ने आदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। संबंधित विभागों और पुलिस प्रशासन को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नरवाई प्रबंधन हेतु किसानों को जागरुक करने कलेक्टर स्वयं गांव-गांव पहुंचे

# कलेक्टर ने किया भैरुंदा और रेहटी तहसील के अनेक विकास व निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा एवं रेहटी तहसील में चल रहे स्कूल भवन निर्माण, जल जीवन मिशन परियोजना, कृषि उपज मंडी सहित अनेक विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने रेहटी के तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, युग्विजय यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**नरवाई न जलाने के लिए किसानों को किया प्रेरित :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. भेरूंदा तहसील के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने पटवारियों और किसानों से संवाद कर उन्हें नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है तथा वायु प्रदूषण



बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने के बजाय इसके वैज्ञानिक एवं वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि किसानों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जाए और नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जाए।

**जल जीवन मिशन परियोजना का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. लाडकुई पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है और इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

#### निर्माणाधीन स्कूल भवन और सीएचसी का किया निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी में निर्माणाधीन शासकीय सांदीपनी स्कूल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार की कोई कमी न हो। इसके साथ ही उन्होंने रेहटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पताल में साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाए।

#### जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम राला, आगरा और सतराना पहुंचकर जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा कोटवार द्वारा जनगणना के तहत किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता, सटीकता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मकान और परिवार की जानकारी सही तरीके से दर्ज की जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। उल्लेखनीय है कि जनगणना के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम राला में निर्माणाधीन कृषि मंडी का भी निरीक्षण किया।

## पहली बार 36 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान:धीरे-धीरे तापमान बढ़ता जाएगा, पिछले महीने ठंड-बारिश लगी

**सीहोर**। जिले में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह ठंड के मौसम के बाद पहली बार है जब पारा इतना ऊपर पहुंचा है। जिले का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

इससे पहले, अधिकतम तापमान लगातार 25 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था। होली के त्योहार के बाद अब अचानक गर्मी का अहसास होने लगा है, जो गर्मी के आगमन का संकेत है। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में पिछले सवा दो महीनों में मौसम के चार अलग-अलग रूप देखे गए हैं। जनवरी में कड़ाके की ठंड थी, जबकि फरवरी में गर्मी, ठंड और बारिश तीनों मौसमों का अनुभव हुआ। अब मार्च महीने में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के



मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि अब धीरे-धीरे अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होगी। वर्तमान में कोई वेस्टर्न डिस्टरबेंस या केंद्रीय साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय नहीं है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि आने वाले दिनों में गर्मी की शुरुआत हो जाएगी।

## जिले की 70 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर**। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 06 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 70 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है।